**भारत की राष्ट्रपति**

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

**का**

**AIIMS पटना के दीक्षांत समारोह में सम्बोधन**

**पटना, 19 अक्तूबर, 2023**

आज इस दीक्षांत समारोह में आप सब के बीच आकर मुझे प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। सबसे पहले सभी स्वर्ण पदक विजेताओं और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मैं बहुत-बहुत बधाई देती हूँ। आज का दिन आप सब के लिए बहुत खुशी का दिन है। आज आप सब को वर्षों के परिश्रम का फल मिला है। मैं आपके अभिभावकों और माता-पिता को भी बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

आज AIIMS पटना का पहला दीक्षांत समारोह है। आज का दिन इस संस्थान और यहाँ के हर विद्यार्थी के लिए गौरव का दिन है। डॉक्टर की उपाधि मिलने का क्षण हर विद्यार्थी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और गौरवमय क्षण है। मुझे इस बात की खुशी है कि आज उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों में 55 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं और मंच पर gold medal और certificate of merit प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से भी अधिक लड़कियां हैं। मैं सभी बेटियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई देती हूँ।

प्यारे विद्यार्थियो,

आज से आप सब देश और देशवासियों के स्वास्थ्य और विकास में अपनी उपयोगी भूमिका निभाने के लिए सक्षम हो गए हैं। माता-पिता और डॉक्टर को भगवान का रूप माना जाता है। क्योंकि माता-पिता जीवन देते हैं और डॉक्टर लोगों को नया जीवन देते हैं। मेडिकल profession से लोगों के

स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा होती है और लोग डॉक्टर पर विश्वास करके अपना इलाज करवाते हैं। इसलिए आप सब का यह कर्तव्य है कि आप इस noble profession की गरिमा को बनाए रखें और सेवा भाव से कार्य करें।

यह आप सभी medical students के लिए गर्व की बात है कि आपको AIIMS जैसे प्रतिष्ठित आयुर्विज्ञान संस्थान से उपाधियां प्राप्त करने का अवसर मिला है जो एक institute of national importance भी है। AIIMS ने देश और विदेश में चिकित्सा और अनुसंधान के क्षेत्र में अनेक नए मानक स्थापित किए हैं। AIIMS चिकित्सा का ऐसा उत्कृष्ट संस्थान है जहां उच्चतम स्तर का आधुनिकतम इलाज हर वर्ग के लोगों को उपलब्ध कराया जाता है। हम सब जानते हैं कि पहले भारत में एक ही AIIMS संस्थान था और देश भर से लोग वहाँ इलाज के लिए जाते थे। वर्ष 2003 में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में अन्य स्थानों पर भी AIIMS जैसे संस्थान स्थापित करने का निर्णय लिया गया। मैं इस दूरगामी सोच और जन-कल्याण की पहल के लिए आदरणीय वाजपेयी जी को नमन करती हूँ। मुझे बताया गया है कि आज केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार द्वारा नेफ्रोलॉजी विभाग का उद्घाटन किया जा रहा है, जिससे जनता को काफी लाभ होगा और उन्हें इन स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पटना से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

देवियो और सज्जनो,

मुझे बताया गया है कि अनेक मानकों पर अच्छे प्रदर्शन के बल पर, AIIMS पटना ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित NIRF रैंकिंग 2023 में पहली बार 50 सर्वश्रेष्ठ शिक्षा संस्थानों में अपना स्थान बनाया है और 27वां स्थान हासिल किया है। मैं इस उपलब्धि के लिए AIIMS पटना के Director और पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देती हूँ। मुझे विश्वास है कि भविष्य में यह संस्थान और बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगा।

यह खुशी की बात है कि यह संस्थान अत्यंत सक्षम doctors तैयार कर रहा है। हमारे देश की बड़ी आबादी की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सक्षम doctors और nurses की बहुत अधिक संख्या में जरूरत है। आज यहां से उपाधि प्राप्त करके स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कदम रखने वाले आप सब doctors और nurses हमारे देश के assets हैं। आपके ऊपर देशवासियों को स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे विश्वास है कि आप सब अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाएंगे और इस संस्थान का तथा देश का नाम रोशन करेंगे।

Doctor-patient और nurse-patient ratio राष्ट्रीय स्तर पर कम है और इसे बेहतर करने की आवश्यकता है। पिछले कुछ वर्षों में देश के सभी राज्यों में बहुत सारे medical colleges और अस्पताल बनाए गए हैं जिससे लोगों को चिकित्सा की सुविधाएं उनके अपने और आसपास के क्षेत्रों में मिल रही हैं। केन्द्रीय और राज्य सरकारें मिल कर इस दिशा में कार्य कर रही हैं। पिछले 7-8 वर्षों में MBBS की seats में लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 50,000 से बढ़कर अब इनकी संख्या करीब एक लाख हो गई है। Private sector और non-government संस्थाएँ भी स्वस्थ और विकसित देश के निर्माण में पूर्ण रूप से सहयोग दे रहे हैं।

देवियो और सज्जनो,

आज हम holistic wellness की बात करते हैं। मुझे खुशी और संतोष है कि हमारे चिकित्सा संस्थान आज चिकित्सा की सभी श्रेणियों जैसे कि homeopathy, आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा से लोगों का इलाज कर रहे हैं और उनके overall fitness को promote कर रहे हैं। AIIMS पटना भी इन पद्धतियों के माध्यम से holistic wellness की दिशा में कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए यहाँ की पूरी टीम की सराहना करती हूँ। मैं यह भी कहना

चाहूँगी कि mental health के क्षेत्र में भी AIIMS जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों को और अधिक research करनी चाहिए और अन्य संस्थानों को भी mental health education और इससे सम्बन्धित treatment system set up करने के लिए guide करना चाहिए।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि AIIMS पटना सबसे गरीब और अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहा है। मैं आप सभी doctors और यहाँ के सारे staff की सराहना करती हूँ जो मरीजों की सेवा के लिए दिन-रात बिना थके काम कर रहे हैं। मुझे यह भी बताया गया है कि Ayushman Bharat योजना के अंतर्गत भी AIIMS पटना में बहुत सारे गरीब मरीजों का इलाज हो रहा है जिससे सब लोगों तक quality and affordable medical care पहुंचाने के सरकार के प्रयास में बहुत मदद मिल रही है।

देवियो और सज्जनो,

मैं इस अवसर पर लोगों की निरंतर सेवा करने के जज्बे के लिए देश के सभी doctors, nurses, और अन्य medical professionals की सराहना करती हूँ। मैं सभी देशवासियों की ओर से आप को धन्यवाद देती हूँ और आपका तथा आपके परिवारजनों का आभार व्यक्त करती हूँ।

अंत में उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सभी doctors और nurses को मैं फिर से बधाई देती हूँ और आप के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना करती हूँ। आप सदा इसी उत्साह से देश और देशवासियों की सेवा करते रहें।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!